लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2755

12 मार्च, 2018 को उत्तर के लिए

सेल का संयुक्त उद्यम

2755. श्री वी. एलुमलाईः

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या भारतीय इस्पात प्राधिकरण बोर्ड लिमिटेड ने उच्च गुणवत्ता आटोमोटिव इस्पात विनिर्माण हेतु विश्व के सबसे बड़े इस्पात निर्माता के साथ संयुक्त उद्यम में प्रवेश के लिए अपनी स्वीकृति दी है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या प्रस्तावित संयुक्त उद्यम द्वारा 15000 करोड़ रु. के ऑटोग्रेड इस्पात संयंत्र परियोजना की स्थापना करने की संभावना है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

<u>उत्तर</u>

इस्पात राज्य मंत्री (श्री विष्णु देव साय)

(क) से (घ): स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) और आर्सेलर मित्तल (एएम) ने भारत में एक संयुक्त उद्यम (जेवी) के तहत एक ऑटोमोटिव इस्पात निर्माण सुविधा की स्थापना करने की संभावना का पता लगाने के लिए दिनांक 22 मई 2015 को एक समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित किया है। प्रस्तावित संयुक्त उद्यम भारत में एक आधुनिक विकसित कोल्ड रोलिंग मिल और अन्य डाउनस्ट्रीम फिनिशिंग सुविधाओं का निर्माण करेगा, जिनसे भारत में तेज गति से बढ़ रहे ऑटोमोटिव क्षेत्र के लिए प्रौद्योगिकीय दृष्टि से विकसित इस्पात उत्पाद उपलब्ध हो सकेंगे।

संयुक्त उद्यम कंपनी की स्थापना करने के लिए सेल और एएम दोनों से प्रतिनिधियों वाली एक टास्क फोर्स टीम विस्तृत अध्ययन कार्य एवं पूर्व व्यवहार्यता अध्ययन तथा सभी अन्य मुद्दों पर कार्य कर रही है। सेल के निदेशक बोर्ड ने दिनांक 12 दिसंबर, 2017 को हुई अपनी बैठक में ऑटोमोटिव इस्पात व्यापार हेतु एक संयुक्त उद्यम स्थापित करने के लिए आर्सेलर मित्तल के साथ कानूनी रूप से गैर बाध्यकर शर्तों के विवरण पर हस्ताक्षर करने के प्रस्ताव को अनुमोदन प्रदान कर दिया है।

******